| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br><br>**बलदेव राम चौधरी**<br><br>**बनाम**<br><br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)**<br><br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353616892387876 | न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 20/06/25 | अपीलार्थी बलदेवर राम चौधरी निवासी शैलो की ढाणी सिंधी पुरा पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 22.04.2025 को ग्राम कागल पूर्व पटवार हल्का सरगीया कल्ला नामानन्तरण सं 217 के दस्तावेज एवं रामनिवारा पुत्र जयराम द्वारा वारीसान प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र वगैरह के दस्तावेजो की सत्यापित प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.20 17:42:41 IST
Reason: Approved